जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

चूरू

Rashtradoot

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 वर्षः 17 संख्याः 168 प्रभात चूरू, मंगलवार 14 अक्टूबर, 2025 पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## तेजस्वी यादव सोमवार देर शाम को पटना रवाना हो गए, अपनी दिल्ली यात्रा को सफल आंकते हुए

### दिल्ली में मल्लिकार्जुन खड़गे, वेणुगोपाल, बिहार के प्रभारी कृष्णा अल्लावीरु से मुलाकात करके और सीटों के बँटवारे पर मोटा-मोटी सहमति प्राप्त करके

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर। कांग्रेस और आरजेडी के बीच सीट बंटवारे पर सहमति बन गई है। तेजस्वी यादव सोमवार शाम पटना लौटे और सूत्रों के अनुसार, वे बातचीत से संतुष्ट और सकारात्मक मूड में हैं।

तेजस्वी यादव ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की और राहुल गांधी से फोन पर बातचीत की, क्योंकि दोनों नेताओं की आमने-सामने मुलाकात नहीं हो पाई। तेजस्वी ने कांग्रेस महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल और बिहार के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु के साथ भी बैठक की, जिसमें दोनों दलों के बीच सीटों का मोटा-मोटी

- **हालांकि, तेजस्वी की राहुल गांधी से रुबरु बातचीत नहीं हुई, किन्तु फोन पर आरजेडी व कांग्रेस के बीच सीटों के बँटवारे का फार्मूला तय हो गया।**
- **फार्मूले के अनुसार, कांग्रेस को इकसठ सीटें मिलेंगी जो अपने आप में काफी बड़ी उपलब्धि मानी जाती है, कांग्रेस के लिए। क्योंकि गत चुनाव में काँग्रेस को सत्तर सीटें मिली थीं और वह केवल सत्रह सीटें जीत पाई थी।**
- **आरजेडी ने कांग्रेस को इतना अधिक एडजस्ट इसलिए भी किया, क्योंकि राहुल, लालू, राबड़ी व तेजस्वी के साथ डटकर खड़े रहे, जब न्यायालय ने इन तीनों के खिलाफ आरोप फाइनल करने का निर्णय लिया।**
- **अब पटना में ही तेजस्वी को महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करने की प्रक्रिया पूरी की जायेगी, क्योंकि तेजस्वी दिल्ली से पटना रवाना हो चुके हैं।**

खाका तय हो गया।

एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि कांग्रेस को इस समझौते में 61 सीटें मिली हैं, जो हर लिहाज से अच्छी और सम्मानजनक संख्या है। उन्होंने कहा कि

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## मदन राठौड़ की पत्नी बीमार, हैलीकॉप्टर से जयपुर ले गये

पाली, 13 अक्टूबर (नि.सं.)। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, पत्नी की तबीयत अचानक बिगड़ने पर हेलीकॉप्टर से पाली पहुंचे तथा न्यूरो फिजिशियन को दिखाने के लिए पत्नी को हेलीकॉप्टर से ही जयपुर लेकर गए। मदन राठौड़ के साथ में विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल भी थे।

पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में जिला कलेक्टर एलएन मंत्री, एसपी आदर्श

- **भाजपा प्रदेश अध्यक्ष उन्हें जयपुर में न्यूरो फिज़िशियन को दिखायेंगे।**

सिद्धू सहित, बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ की पत्नी ऊषा राठौड़ का उपचार करने वाले बांगड़ हॉस्पिटल के डॉ प्रवीण गर्ग, राकेश सोनी, विकास गहलोत और सेवानिवृत्त प्रधान मैडिकल ऑफिसर की सलाह के बाद, उन्हें न्यूरो फिजिशियन को दिखाने के लिए जयपुर रैफर किया गया।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ अपनी पत्नी को न्यूरो फिजिशियन को दिखाने के लिए हेलीकाप्टर से अपने साथ जयपुर के लिए लेकर रवाना हुए।

## सीट शेयरिंग की घोषणा होते ही असंतोष फूट पड़ा एनडीए में

### अमित शाह जल्दी ही पटना जाएंगे और सब कुछ ठीक करके ही लौंटेगे

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर। रविवार को बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) द्वारा की गई सीट-बंटवारे की घोषणा के कुछ ही घंटों में एनडीए में उथल-पुथल मच गई। सत्ता पक्ष में अभूतपूर्व विद्रोह की लहर फैल गई। कई मौजूदा मंत्री और विधायक अपनी ही पार्टी नेतृत्व के खिलाफ खुलकर बगावत पर उतर आए। उनका आरोप है कि शीर्ष नेताओं ने विधानसभा चुनावों से पहले टिकट वितरण में भारी अन्याय किया और उनके राजनीतिक भविष्य को नष्ट कर दिया।

दिन की शुरुआत में एनडीए ने सीट बंटवारे का फार्मूला शानदार तरीके से घोषित किया था, ताकि सहयोगी दलों में एकता और समन्वय का संदेश दिया जा सके। लेकिन घोषणा के कुछ ही घंटों बाद एक के बाद एक हुई घटनाओं से हालात विस्फोटक हो गए, जिससे

- **पार्टी के अंतरंग सूत्रों ने कहा कि एनडीए में हालात बेहद विस्फोटक हैं भाजपा-जद (यू) नेतृत्व को आपात बैठक बुलानी पड़ रही है।**
- **भाजपा के केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भाजपा के बिहार प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान पर प्रत्याशी चयन में भारी गड़बड़ी का आरोप लगाया। वहीं जद (यू) के वरिष्ठ मंत्री जय कुमार सिंह ने पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा व ललन कुमार सिंह पर टिकट बेचने का आरोप लगाया।**
- **विशेषज्ञों ने बताया कि दोनों दलों के कई नेता हैं, जिनके टिकट कटने जा रहे हैं और ये सभी निर्दलीय चुनाव लड़ने की धमकी दे रहे हैं।**

गठबंधन को अपनी उम्मीदवारों की अंतिम सूची स्थगित करनी पड़ी। पार्टी सूत्रों ने पुष्टि की कि सीट आवंटन को लेकर न केवल गठबंधन न केवल के भीतर बल्कि दलों के अंदर भी संघर्ष इतना बढ़ गया है कि स्थिति विभाजन की कगार पर पहुँच गई। इसने भाजपा और जेडीयू नेतृत्व को आपात समीक्षा बैठक बुलाने पर मजबूर कर दिया।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## अब एनडीए में ''बिग ब्रदर'' नहीं रहे नीतीश

### संभावना है, अगर एनडीए जीता तो भी नीतीश को शायद मु.मंत्री न बनाया जाए

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर। अगर राजनीति को धारणाओं का खेल कहा जाए, तो आज घोषित हुई एनडीए की सीट बंटवारे की व्यवस्था जेडीयू नेता और मौजूदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए नकारात्मक संदेश लेकर आई है, क्योंकि भाजपा और जेडीयू, दोनों ने 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा की 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है।

पिछले चुनावों में, जेडीयू ने हमेशा भाजपा से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़े थे, जिससे कुमार का गठबंधन में 'बड़े भाई' वाला दर्जा कायम रहता था। अपने राजनीतिक जीवन के इस पतझड़ में उस दर्जे से वंचित होना उनके लिए एक झटका माना जा रहा है। सीटों के बँटवारे के इस घटनाक्रम को इस संकेत के रुप में भी देखा जा सकता है कि आगामी चुनावों में एनडीए की जीत होने पर भी नीतीश कुमार को शायद मुख्यमंत्री नहीं बनाया जाए।

- **नीतीश की पार्टी जद (यू) और भाजपा 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। अब तक हमेशा से ही नीतीश की पार्टी जद (यू) को भाजपा से ज्यादा सीटें मिलती थीं, चाहे एक ही सीट अधिक क्यों न हो। शेष सीटें अन्य दलों को मिली हैं, इस लिहाज से भाजपा का पलड़ा भारी है।**
- **निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने इस पर बड़ी सटीक टिप्पणी की। उन्होंने कहा, नीतीश को मालूम होना चाहिए, जद (यू) की 101 सीटों की तुलना में भाजपा 130 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। लोजपा (चिराग गुट) की 29 सीटें भी भाजपा की ही मानी जानी चाहिए।**

राजनीतिक विरोधियों ने पहले ही निशाना साधना शुरू कर दिया है। निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने कहा, ''नीतीश कुमार को समझ लेना चाहिए कि जेडीयू की 101 सीटों के मुकाबले, भाजपा असल में 130 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।'' जाहिर है, उनका इशारा चिराग पासवान की एलजेपी-आर को दी गई 29 सीटों की ओर था। याद दिला दें कि 2020 के चुनावों में, चिराग पासवान ने नीतीश की पार्टी के खिलाफ उम्मीदवार उतारकर जेडीयू को भारी नुकसान पहुंचाया था। एनडीए द्वारा घोषित समझौते के अनुसार, जीतन राम मांझी और उपेन्द्र कुशवाहा के दल छह-छह सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।

इधर, प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी ने भविष्यवाणी की है कि चुनावों के बाद जेडीयू के टूटने की पूरी

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली कम्पनी बंद

चेन्नई, 13 अक्टूबर। कोल्ड्रिफ कफ सीरप से हुई मौतों के बाद तमिलनाडु सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। कफ सीरप बनाने वाली कंपनी श्रीसन फार्मासूटिकल कंपनी का लाइसेंस रद कर दिया गया है। यह कफ सीरप पीने से सिर्फ मध्य प्रदेश में ही 22 बच्चों की मौत हो चुकी है।

तमिलनाडु ड्रग्स कंट्रोल विभाग ने कंपनी के खिलाफ यह कड़ा कदम

- **तमिलनाडु सरकार ने इस कम्पनी, श्रीसन फार्मास्युटिकल्स का लाइसेंस रद्द कर दिया है।**

उठाया है। राज्य स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, जांच पूरी होने के बाद कंपनी को औपचारिक रूप से बंद कर दिया गया है। कोल्ड्रिफ कफ सीरप में अत्याधिक मात्रा में डायएथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) होने के संकेत मिले हैं। तमिलनाडु सरकार ने राज्य में दवाइयां बनाने वाली सारी कंपनियों को भी जांच करने के आदेश दिए हैं। वहीं, अदालत ने श्रीसन कंपनी के मालिक रंगनाथन को 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा है। 9 अक्टूबर को मध्य प्रदेश एसआईटी ने रंगनाथन को गिरफ्तार किया था।

## अमेरिका व चीन में ट्रेड वॉर और भीषण होने का लाभ सीधे भारत को हो रहा है

### अमेरिका द्वारा चीन पर सौ प्रतिशत टैरिफ और लगाने से चीनी माल अमेरिका में बहुत महँगा हो गया

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते व्यापार युद्ध के बीच, भारत सबसे बड़े लाभार्थियों में से एक बनकर उभर सकता है, क्योंकि अमेरिकी ख़रीददार किफायती और भरोसेमंद आपूर्तिकर्ताओं की तलाश में चीन से बाहर जाने को मजबूर हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने 1 नवंबर से सभी चीनी वस्तुओं पर 100 प्रतिशत का नया शुल्क लगाने की घोषणा की है, जो पहले से लागू 30 प्रतिशत शुल्क के ऊपर होगा। यानी अब अमेरिकी बाज़ार में प्रवेश करते समय चीनी उत्पादों पर कुल 130 प्रतिशत शुल्क लगेगा। इस भारी मूल्य सीमा ने भारतीय निर्यातकों के लिए एक सुनहरा अवसर खोल दिया है, क्योंकि भारत से आने वाले उत्पादों पर शुल्क कहीं कम है और वे पहले से ही अमेरिकी आयातकों के बीच वस्त्र, खिलौने, इलेक्ट्रॉनिक्स और अक्षय ऊर्जा उपकरण जैसे क्षेत्रों में लोकप्रियता

- **चीन पर एक सौ तीस प्रतिशत टैरिफ लगाये हैं ट्रंप ने और भारत पर पचास प्रतिशत। अब तक चीन छाया हुआ था अमेरिका में, खिलौनों, जूता-चप्पल व टैक्सटाइल प्रोडक्ट्स में।**
- **अब भारत के पास स्वर्णिम अवसर है चीन द्वारा छोड़े गए मैदान पर कब्जा करने का। ऐसी आशा की जा रही है कि अमेरिका से ऑर्डर की बाढ़ आएगी भारत के पास। अगर भारत के व्यापारी अपने प्रोडक्ट्स की गुणवत्ता व डिलीवरी स्टैंडर्ड्स को गिरने नहीं देते हैं तो भारत स्थाई लाभ लेने की पोज़ीशन में रहेगा।**

हासिल कर रहे हैं।

भारत के लिए यह समय बेहद अनुकूल है। अमेरिका को होने वाला भारत का निर्यात पहले से ही 86.5 अरब अमेरिकी डॉलर का है, और अमेरिकी रिटेलर और निर्माता अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं के जोखिम को कम करने की कोशिश कर रहे हैं, ऐसे में यह बदलाव भारतीय व्यवसायों के लिए नए ऑर्डरों में तेज़ वृद्धि का कारण बन सकता है। भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (एफ.आई.ई.ओ.) के अध्यक्ष एस.सी. रल्हन ने कहा, ''चीन ने बाज़ार की जो हिस्सेदारी खोई है, उसे हासिल करने का भारत के लिए यह सुनहरा अवसर है, जो एक दशक में एक बार आता है।'' उन्होंने आगे कहा, हमारे वर्तमान 86 अरब डॉलर के निर्यात में तेज़ी से वृद्धि हो सकती है, क्योंकि अमेरिकी ख़रीददार अपने स्रोतों की रणनीतियों को फिर से तय कर रहे हैं।''

ट्रंप की यह घोषणा 9 अक्तूबर को चीन के उस फ़ैसले के बाद आई है, जिसमें उसने दुर्लभ धातुओं के निर्यात पर रोक लगाई थी। ये धातुएं इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिक वाहनों और अक्षय ऊर्जा उद्योगों के लिए बेहद ज़रूरी हैं। इसके जवाब में वाशिंगटन ने भी चीनी उत्पादों पर और ज़्यादा शुल्क लगाने और सॉफ़्टवेयर निर्यात नियंत्रण सख्त करने का निर्णय लिया है, जिससे यह व्यापारिक संघर्ष और तेज़ हो गया है। लेकिन जहाँ दुनिया इस कारण होने वाली आपूर्ति बाधाओं को लेकर चिंतित है, वहीं भारत इस स्थिति से उत्पन्न व्यापारिक बदलाव का लाभ उठा सकता है। अमेरिकी बाज़ार में चीनी वस्तुएं अब बहुत महंगी हो जाएंगी, जबकि भारतीय उत्पादों पर तुलनात्मक रूप से केवल 50 प्रतिशत शुल्क लगेगा। इससे भारतीय सामान अधिक प्रतिस्पर्धी बन जाएंगे। यह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के पुनर्गठन को भी प्रेरित कर सकता है, जिसमें भारत मध्यम और उच्च मूल्य वाले मैनुफैक्चरिंग क्षेत्र में, जो अब तक

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## करुर भगदड़ की जांच सीबीआई को

नयी दिल्ली, 13 अक्टूबर। उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के करूर में हुई भगदड़ की जांच केन्द्रीय जाँच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने का सोमवार को आदेश दिया।

न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने संबंधित आदेश पारित करते हुए शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी को इस जांच की निगरानी

- **सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से अभिनेता से नेता बने विजय को भारी झटका लगा है।**

करने वाली समिति का प्रमुख नियुक्त किया। भगदड़ की जाँच के लिए विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित करने के मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर शीर्ष अदालत ने अपना यह फैसला सुनाया।

अभिनेता से नेता बने विजय के नेतृत्व वाली राजनीतिक पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) की 27 सितंबर

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## हमास ने बीस इज़रायली बंधकों को रिहा किया, इज़रायल ने दो हजार फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ा

### यह असंभव सा दिखने वाला काम इतनी जल्दी पूरा हो जाएगा, किसी को उम्मीद नहीं थी, अतः हर दृष्टि से यह महान उपलब्धि है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर। सभी जीवित 20 इज़रायली बंधकों को हमास ने रिहा कर दिया है। यह कदम इज़रायल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष को समाप्त करने की योजना के पहले चरण के रूप में उठाया गया है। इसके बदले में इज़रायल ने 2000 गिरफ्तार फ़िलिस्तीनियों को रिहा किया।

बंधकों और कैदियों की रिहाई दोनों तरफ़ बेहद भावनात्मक रही, एक ओर फ़िलिस्तीनियों ने अपने लोगों ज़ोरदार स्वागत किया, तो दूसरी ओर इज़रायली बंधकों का भी अपने परिवारों से भावनात्मक पुनर्मिलन हुआ।

दुर्भाग्य से, एकमात्र भारतीय हिंदू बंधक बिपिन जोशी इस चरण में हमास द्वारा रिहा किए गए लोगों में शामिल नहीं थे।

इज़रायल का कहना है कि अब हमास के पास कोई भी जीवित बंधक नहीं बचा है।

जबसे हमास के लड़ाकों ने हमला कर निर्दोष इज़रायलियों की हत्या की थी और फिर उनमें से कई को उनके घरों और आसपास के इलाकों से अगवा किया था, तबसे इज़रायल ने हमास और उसके कार्यकर्ताओं के ख़िलाफ़ कठोर सैन्य अभियान शुरू कर रखा था। लेकिन इस संघर्ष के बीच सबसे ज्यादा पीड़ा गाज़ा के आम नागरिकों को झेलनी पड़ी।

इस संघर्ष में लगभग 60,000 सामान्य गाज़ावासी नागरिक मारे गए। हमास ने चार बंधकों के शव भी लौटा दिए हैं। इन शवों के सौंपने की प्रक्रिया बेहद दुखद और शोकपूर्ण रही।

बंधकों और कैदियों की इस आपसी रिहाई के बाद, इस शांति योजना के मुख्य सूत्रधार डॉनल्ड ट्रंप ने इज़रायली संसद को संबोधित करते हुए

- **हालांकि, अभी पूर्ण शांति आने में कई बाधाएँ साफ दिख रही हैं, जैसे हमास से उनके हथियार छुड़वा देना।**
- **हमास ने अपने हथियार समर्पण करने से पूर्णतः इनकार कर दिया है, क्या इज़रायल इसको स्वीकार कर लेगा।**
- **इन मुद्दों को सुलझाने के लिए ट्रंप ने शांति वार्ता आयोजित की है, शर्म-अल-शेख में, जिसमें बीस देश भाग ले रहे हैं।**
- **शांति वार्ता का दौर लंबा और कठिन होगा, पर, अभी तो गाज़ा में बंदूकें शांत हो गईं, यह अपने आप में भारी खुशखबरी है।**

घोषणा की कि गाज़ा में युद्ध अब समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि यह लंबा चला टकराव अब खत्म हो गया है।

हालाँकि, यह शांति प्रक्रिया का यह पहला नतीजा है, अब भी कई कठिन और जटिल मुद्दे बाकी हैं, जिनका समाधान किया जाना है। इनमें सबसे बड़ा और प्रमुख मुद्दा होगा हमास के लड़ाकों को निशस्त्र करना।

लेकिन हमास ने अपने हथियार डालने से इनकार कर दिया है। अब देखना यह होगा कि इज़रायल और अमेरिका इस पर कैसी प्रतिक्रिया देते हैं, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमास के हथियार डलवाने का वादा किया था।

अगला मुश्किल कदम होगा गाज़ा के प्रशासन के लिए ऐसी व्यवस्था तैयार करना जो हमास से स्वतंत्र हो। शांति समझौते की एक शर्त यह थी कि हमास अब गाज़ा में नहीं रहेगा। लेकिन यह बात कुछ कमज़ोर नज़र आ रही है। ऐसी रिपोर्टें हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप अब पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर को इस प्रक्रिया में शामिल करने के विचार से पीछे हट गए हैं।

इन सभी अनिश्चितताओं के बावजूद, इतनी जल्दी युद्धविराम होना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। गाज़ा में बंदूकों की आवाज़ें अब थम चुकी हैं।

इन मुद्दों के समाधान के लिए ट्रंप ने युद्धविराम के तुरंत बाद एक शांति सम्मेलन का प्रस्ताव रखा। मिस्र के शर्म अल शेख शहर में डॉनल्ड ट्रंप की अध्यक्षता में होने वाली इस शांति वार्ता

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## तीन विद्वानों को अर्थशास्त्र का नोबेल

स्टॉकहोम, 13 अक्टूबर। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने सोमवार को साल 2025 के लिए अर्थशास्त्र का नोबेल सम्मान जोएल मोकिर,फिलिप अघियन और पीटर होविट को देने की घोषणा की।

अकादमी ने इन अर्थशास्त्रियों के नामों की घोषणा करते हुए कहा'' मोकिर

- **ये तीनों हैं जोएल मोकिर, फिलिप अघियन और पीटर होविट।**

ने हमें यह बताया कि कैसे नवाचार प्रगति के लिए प्रेरणा प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि प्रौद्योगिकी तेज़ी से आगे बढ़ ती है और हम सभी को प्रभावित करती है। नए उत्पाद और उत्पादन विधियाँ पुराने उत्पादों और उत्पादन विधियों का स्थान ले लेती हैं। इस प्रकार निरंतर आर्थिक विकास चलता रहता है।

जोएल मोकिर एक डच मूल के अमेरिकी-इज़रायली आर्थिक इतिहासकार हैं, जिनका जन्म नीदरलैंड के लीडेन में एक यहूदी परिवार में हुआ

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)




अधिकृत डीलर: सीकर: देव हीरो, आरटीओ चौक के पास, 9289922874, मटोरिया हीरो, 9289922392, झुन्झूनूं: अजय हीरो, 9289922203, चुरू: महालक्ष्मी हीरो, डीटीओ ऑफिस के पास, 9289922872, एसोशिएट डीलर: सीकर: श्री श्याम मोटर्स, (चाला) 9602616888, झुन्झूनूं: हैप्पी मोटर्स, बुहाना 9828580799, अजय हीरो, 9289922203, चिड़ावा: इन्डीका मोटर्स, 9414080651, चुरू: अशोका मोटर्स, 8949434435, महालक्ष्मी हीरो 9289922872, सरदारशहर: नामदेव ऑटोमोबाईल, 9352251427, सुजानगढ़: तोदी मोटर्स, 9413177555, फतेहपुर शेखावटी: जय भवानी मोटर्स, 8107115421, नवलगढ़: गणपति ऑटोमोबाईल, 9414491842, श्री माधोपुर: श्री गुरुजी मोटर्स, 9928404786, लक्ष्मणगढ़: श्री बालाजी ऑटोमोबाईल, 9413858378, अजीतगढ़: श्री त्रिवेणी मोटर्स, 9414323389, रतनगढ़: जय आदित्य ऑटोमोबाईल्स, 9602910100, पिलानी: प्रदीप मोटर्स, 9602764951, नीम का थाना: बन्सिया ऑटोमोबाईल्स, 8003671799, सुल्ताना: नितिन मोटर्स, 8696332222, राजगढ़: सुबेश एन्टरप्राइजेज, 9116588885, गुढ़ा गौड़जी: शेखावाटी मोटर्स, 9529363953, छापर: भगवती मोटर्स, 9414956013, सिंघाना-झुंझुनू: ऑटो वर्ल्ड, 9413565209, सालासर: आदित्य मोटर्स, 9414402180, मुकुंदगढ़: श्रीराम मोटर्स, 8290554641, खाटू: हरिओम मोटर्स, 9887081642, सांडवा: बेनीवाल ऑटोमोबाइल्स, 9414422944, कातर छोटी: लिम्बा मोटर्स, 9782151100, पाटन: हिंदुस्तान ऑटोमोबाइल्स, 9829412885, राजलदेसर: ए डी ऑटो सेल्स, 9414676377, सूरजगढ़: फ्रेंड्स ऑटोमोबाइल, 9887476447.



पहली बार ओलंपिक में खेलने पर दुनिया ने हमारे कौशल और प्रतिभा को देखा और वहीं हमारी हॉकी टीम का शानदार सफर शुरु हुआ।
- अशोक कुमार

भारतीय हॉकी खिलाड़ी, भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरा होने पर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## रवि शास्त्री



लंबे समय बाद टीम इंडिया के सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली आगामी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में खेलते हुए दिखेंगे। वहीं इन दोनों दिग्गजों को लेकर पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने बयान दिया है। रवि शास्त्री का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा की 2027 वर्ल्ड कप खेलने की उम्मीदें उनकी फॉर्म, फिटनेस और जज्बे पर टिकी हैं। रोहित-कोहली के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी सीरीज इन पहलुओं की एक अहम परीक्षा होगी। इन दोनों दिग्गजों को अपनी जगह पक्की करने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मजबूत प्रदर्शन करना होगा।

**क्या आप जानते हैं ?...** वेस्टइंडीज की टीम पिछले 17 वर्षों से भारत के खिलाफ कोई द्विपक्षीय वनडे इंटरेशनल सीरीज नहीं जीत सकी है।

## जोशना चिनप्पा ने जीता जापान ओपन का खिताब

योकोहामा (जापान), 13 अक्टूबर। दो बार की एशियन चैंपियन भारत की जोशना चिनप्पा ने सोमवार को एक बार फिर दमदार प्रदर्शन करते हुए जापान ओपन 2025 स्क्वैश टूर्नामेंट में मिस्त्र की हया अली को हराकर महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। आज यहां खेले गये मुकाबले में 39 वर्षीय भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने तीसरी वरीयता प्राप्त दुनिया की 53वें नंबर की मिस्त्र की हया अली को 11-5, 11-9, 6-11, 11-8 से हराकर पीएसए चैलेंजर प्रतियोगिता में अपने शानदार प्रदर्शन का समापन किया। यह उनके करियर का 11वां पीएसए खिताब है। उल्लेखनीय है कि जोशना चिनप्पा की यह हया अली के साथ दूसरी भिड़ंत थी। इससे पहले दोनों स्क्वैश खिलाड़ी ने इस साल बरमूडा ओपन के दूसरे राउंड में एक-दूसरे का मुकाबला किया था। इस मुकाबले में जोशना को 11-8, 10-12, 5-11, 11-9, 11-8 से हार का सामना करना पड़ा था। पूर्व विश्व नंबर 10 स्क्वैश खिलाड़ी, जोशना हांगझोऊ में एशियन गेम्स 2023 के बाद घुटने की सर्जरी के बाद से शानदार वापसी कर रही हैं। एशियन गेम्स में वह भारत की कांस्य पदक विजेता महिला टीम का भी हिस्सा थीं। जोशना ने इस साल की शुरुआत में युवा स्टार खिलाड़ी अनाहत सिंह के साथ जून में एशियन चैंपियनशिप में महिला युगल का खिताब जीता था। इसके अलावा इंडियन ओपन के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई थी, जहां उन्हें अनाहत से हार का सामना करना पड़ा और अनाहत चैंपिनय बनीं।

## इंग्लैंड के खिलाफ मिशेल सैंटनर होंगे न्यूजीलैंड की टी-20 टीम के कप्तान

वेलिंगटन, 13 अक्टूबर। न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टी-20 सीरीज के लिए मिशेल सैंटनर को टीम का कप्तान बनाया है और स्टार ऑलराउंडर रचिन रविंद्र को भी टीम शामिल किया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट के अनुसार रविंद्र चेहरे की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हालिया श्रृंखला से बाहर होने के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं, जबकि सैंटनर हाल ही में हुई पेट की सर्जरी से उबर चुके हैं और शनिवार से क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला में टीम की कप्तानी करेंगे। गुरुवार को विदेश से लौटे विलियमसन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से बाहर रहेंगे और 26 अक्टूबर से तौरंगा में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रवींद्र की जगह आखिरी समय में टीम में आए जिमी नीशम को तेज गेंदबाज ऑलराउंडर के रूप में चुना गया है। उनके साथ जैकब डफी, जैक फॉल्क्स, मैट हेनरी और काइल जैमीसन जैसे तेज गेंदबाज भी होंगे। सेंटनर के साथ स्पिन विभाग में माइकल ब्रेसवेल शामिल होंगे। टिम सीफर्ट विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे।

## राजस्थान के वुशू खिलाड़ी अर्केश्वर, रजत प्रकाश व भव श्रीमाली का भारतीय टीम में चयन


जयपुर, 13 अक्टूबर। अंतर्राष्ट्रीय वुशू महासंघ के तत्वावधान में दिनांक 14 से 20 अक्टूबर 2025 तक इमिशान, चीन में 10वी विश्व वुशू कुंगफु



प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 10वी विश्व वुशू कुंगफु प्रतियोगिता में भाग लेने वाली भारतीय वुशू टीम में राजस्थान के तीन खिलाडी प्रतिनिधित्व करेंगे। हीरानंद कटारिया अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ ने बताया कि 10वी विश्व वुशू कुंगफु प्रतियोगिता में भाग लेने वाली भारतीय टीम में राजस्थान के अर्केश्वर मेडतवाल, रजत प्रकाश गुप्ता व भव श्रीमाली भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। कोच राजेश कुमार टेलर ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली भारतीय वुशू टीम दिनांक 13 अक्टूबर को दिल्ली से रवाना हुई।

## वीर शिवा क्लब और गेम चेंजर क्लब बने विजेता

जयपुर, 13 अक्टूबर। एसएमएस स्टेडियम पर आज संपन्न गुर इकबाल सिंह भुल्लर स्मृति शिक्षा साइट पुरुष। हॉकी प्रतियोगिता प्रतियोगिता का किताब वीर शिवा क्लब ने तथा। श्रीमती नरेंद्र कौर



भुल्लर स्मृति 6 साइड महिला हॉकी प्रतियोगिता का किताब गेम चेंजर क्लब ने जीता। पुरुष हॉकी का फाइनल बेहद रोमांचक रहा। विजेता टीम वीर शिवा क्लब के लिए एकमात्र गोल कप्तान कुलजीत सिंह ने तीसरे मिनट में किया। हालांकि उपविजेता टीम ब्लैक डायमंड क्लब ने गोल बराबरी के अथक प्रयास किया किंतु वह निष्फल के। महिला हॉकी वर्क का फाइनल। उतार चढ़ाव से भरा रहा। फाइनल में गेम चेंजर ने रेड रेंजर को तीन दो गोल से से हराया। विजय गोयल खेल के अंतिम चरणों में ही आया। विजेता गेम चेंजर के लिए प्रिय मनीष और रीना बलावत ने गोल किए। जबकि पराजित टीम रेड रेंजर के लिए तीन व पायल ने गोल धागे। पारितोषिक वितरण शरद मेहरा आइ. ए. एस. महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रा कान। राजस्थान ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जे. एस. सनधु पूर्व सीसीएस उत्तर पश्चिम रेलवे ने की। विशिष्ट अतिथि दिव्य शर्मा एमडी राष्ट्रदूत एवं डॉक्टर अनुराग शर्मा रहे। इस अवसर पर कई पूर्व एवं वर्तमान राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी उपस्थित रहे।

# दूसरे टेस्ट में जीत के लिए भारत को 58 रनों की दरकार





नई दिल्ली, 13 अक्टूबर। कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह (तीन-तीन) के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद केएल राहुल और साई सुदर्शन के शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारत ने दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन सोमवार को स्टंप के समय एक विकेट पर 63 रन बना लिये और उसे अभी जीत के लिए 58 रनों की दरकार है। उसके पास अभी नौ विकेट शेष हैं।

चायकाल के बाद जस्टिन ग्रीव्स ने अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 85 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 50 रन बनाये। 119वें ओवर की पांचवी गेंद पर जसप्रीत बुमराह ने जेडेन सील्स (32) को आउट कर 390 के स्कोर पर फालोऑन खेल रही वेस्टइंडीज की दूसरी पारी का अंत किया। भारत को जीत के लिए 121 रनों का लक्ष्य मिला। जस्टिन ग्रीव्स और जेडेन सील्स ने 10वें विकेट के लिए 79 रन जोड़े। इस जोड़ी ने 22 से अधिक ओवरों तक मिलकर बल्लेबाजी की।

इसके बाद 121 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की यशस्वी जयसवाल और केएल राहुल की सलामी जोड़ी ने नौ रन बनाये थे कि दूसरे ओवर में जोमेल वारिकन ने यशस्वी जयसवाल (आठ) को एंडरसन फिलीप के हाथों कैच आउट कराकर भारत को पहला झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये साई सुदर्शन ने केएल राहुल के साथ दूसरे विकेट के लिए रन जोड़े। दिन का खेल समाप्त होने के समय भारत ने एक विकेट पर 63 रन बना लिये है और उसे जीत के लिए 58 रनों की जरूरत है। केएल राहुल (नाबाद 25) और साई सुदर्शन (नाबाद 30 ) क्रीज पर मौजूद हैं।

इससे पहले शाई होप ने भोजनकाल के बाद अपना शतक पूरा किया। इसके कुछ देर बाद मोहम्मद सिराज ने उन्हें बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। शाई होप ने 214 गेंदों में 12 चौके और दो छक्के लगाते हुए 103 रनों की पारी खेली। यह शाई होप ने टेस्ट करियर का तीसरा और भारत के खिलाफ यह उनका पहला टेस्ट शतक था। होप के बल्ले से आठ साल के इंतजार के बाद यह शतक आया है। उन्होंने आखिरी बार 2017 में शतक लगाया था।

इसके बाद कुलदीप यादव ने टेविन इमलाक (12), कप्तान रोस्टन चेज (40) और खारी पिएर (शून्य) को अपना शिकार बनाया। वहीं जोमेल वारिकन (तीन) को जसप्रीत बुमराह ने बोल्ड आउट किया। एंडरसन फिलीप (दो) को भी बुमराह ने आउट किया। चायकाल तक वेस्टइंडीज ने नौ विकेट पर 361 रन बना लिये थे। आज सुबह वेस्टइंडीज ने कल के दो विकेट पर 173 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में जॉन कैंपबेल ने छक्का लगाकर अपने टेस्ट करियर का पहला शतक पूरा किया। उन्होंने अपने शतक के लिए 174 गेंदों का सामना किया। इस दौरान नौ चौके और तीन छक्के लगाये। इसी के साथ वह सात साल बाद भारत के खिलाफ सेंचुरी लगाने वाले वेस्टइंडीज के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले रोस्टन चेज ने यह कारनामा किया था। 64वें ओवर में रवींद्र जडेजा ने उन्हें पगबाधा आउटकर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। उन्होंने 199 गेंदों में 12 चौको और तीन छक्को की मदद से 115 रनों की पारी खेली।लंच के समय तक वेस्टइंडीज ने तीन विकेट पर 252 रन बनाये थे।

## पोलो की दिल्ली में वापसी, पांच साल बाद भारत का सामना विश्व की नंबर 1 टीम अर्जेंटीना से

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर। पांच साल के अंतराल के बाद, अंतर्राष्ट्रीय पोलो राजधानी में शानदार वापसी करने के लिए तैयार है। कोग्निवेरा आईटी सॉल्यूशंस, भारतीय पोलो संघ और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के सहयोग से, प्रतिष्ठित जयपुर पोलो ग्राउंड में भारत और अर्जेंटीना के बीच एक प्रतिष्ठित मुकाबले की मेजबानी करेगा।

वैश्विक पोलो की अग्रणी टीम अर्जेंटीना, अपने बेजोड़ घुड़सवारी और खेल में महारत के लिए प्रसिद्ध विश्व स्तरीय खिलाड़ियों के साथ आ रही है। टीम इंडिया के लिए, यह मुकाबला एक कठिन चुनौती और एक सुनहरा अवसर दोनों है, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खुद को परखने और अंतर्राष्ट्रीय पोलो मंच पर भारत की स्थिति को फिर से मजबूत करने का एक मौका।

इस मैच का गहरा ऐतिहासिक महत्व है। यह मैच इतिहास में डूबा हुआ है। पोलो, जिसका जन्म 2,000 साल पहले भारत के मणिपुर में हुआ था, पश्चिम की ओर बढ़ा और अर्जेंटीना में विकसित हुआ।

इस अक्टूबर में, यह अपने जन्मस्थान पर लौटकर दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों का सामना करेगा। भारत-अर्जेंटीना का यह मुकाबला एक खेल तमाशे से कहीं बढ़कर है; यह पोलो की विरासत, उत्कृष्टता और चिरस्थायी भावना का उत्सव होगा।

भारत की चुनौती का नेतृत्व विरासत, कौशल और युवाओं के मिश्रण वाली एक गतिशील चौकड़ी कर रही है:- **महाराजा पद्मनाभ सिंह** - शाही विरासत, भारतीय पोलो के वैश्विक राजदूत। **शमशीर अली** - निडर हमलावर और तीक्ष्ण रणनीतिक खेल। **सिमरन शेरगिल** - अनुभवी और लगातार विश्व कप प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ी। **सिद्धांत शर्मा** - भारतीय पोलो के भविष्य को आकार देने वाला उभरता सितारा।

कोग्निवेरा आईटी सॉल्यूशंस के एमडी और सीईओ कमलेश शर्मा ने इस आयोजन के पीछे के व्यापक दृष्टिकोण पर ज़ोर देते हुए कहा: "कोग्निवेरा में, हम हमेशा से तकनीक, नवाचार और अब खेल के माध्यम से सेतु बनाने में विश्वास करते रहे हैं। पोलो विरासत से कहीं बढ़कर है; यह दूरदर्शिता, सटीकता और टीम वर्क का प्रतीक है, ये वे मूल्य हैं जो हमारे संगठन को आगे बढ़ाते हैं। यह मैच वैश्विक पोलो जगत में भारत के स्थान को पुनर्जीवित करने, युवा प्रतिभाओं को प्रेरित करने, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने और इस खेल को नए दर्शकों तक पहुंचाने के बारे में है। पोलो की शुरुआत भारत में हुई थी; अब समय आ गया है कि दुनिया इस पर फिर से ध्यान दे।" यह आयोजन भारत और अर्जेंटीना के बीच संस्कृति, सौहार्द और साझा जुनून का मिश्रण करते हुए एक जीवंत सामाजिक उत्सव होने का भी वादा करता है।

## अरशद नदीम के कोच पर लगा आजीवन बैन

### पाकिस्तान के एथलेटिक्स महासंघ ने लिया फैसला

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर। पाकिस्तान के शीर्ष भाला फेंक एथलीट अरशद नदीम के लंबे समय से कोच सलमान इकबाल पर रविवार को देश के एथलेटिक्स महासंघ ने पंजाब एथलेटिक्स संघ के संविधान का उल्लंघन करने के आरोप में आजीवन प्रतिबंध लगा दिया। वह इस संघ के अध्यक्ष हैं।आजीवन प्रतिबंध के तहत इकबाल किसी भी एथलेटिक्स गतिविधि में भाग नहीं ले सकते और कोचिंग भी नहीं दे सकते हैं और किसी भी स्तर पर कोई पद पर काबिज नहीं हो सकते हैं। पाकिस्तान एमेच्योर एथलेटिक्स



महासंघ ने इकबाल पर पंजाब संघ के चुनाव कराकर उल्लंघन करने का आरोप लगाया है, जो अगस्त में हुए थे।

सितंबर में एक जांच समिति का गठन किया गया था और इसने पाकिस्तान खेल बोर्ड को दिए गए उनके जवाब के एक दिन बाद 10 अक्तूबर को इकबाल पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की थी। ये फैसला हाल में इकबाल द्वारा पीएसबी को भेजे गए जवाब से जुड़ा हुआ प्रतीत होता है, जिसमें उन्होंने उनसे टोक्यो में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में नदीम के खराब प्रदर्शन के बारे में स्पष्टीकरण मांगा था। पीएसबी ने भाला फेंक खिलाड़ी की ट्रेनिंग और यात्रा पर हुए खर्च के बारे में भी जानकारी मांगी थी।

इकबाल ने अपने जवाब में कहा कि, अरशद की तैयारियों में पिंडली की मांसपेशियों की समस्या के कारण हुई सर्जरी के कारण बाधा आई। टोक्यो में ट्रैक हार्ड था।

## 14 साल के सूर्यवंशी बने बिहार रणजी टीम के उपकप्तान

पटना, 13 अक्टूबर। वैभव सूर्यवंशी को बुधवार से शुरु हो रहे रणजी ट्रॉफी 2025-26 सीजन के शुरुआती दो राउंड्स के लिए बिहार की टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। टीम की कमान साकिबुल गनी को दी गई है। सीजन के शुरु होने से दो दिन पहले यह घोषणा हुई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के आदेश के बाद बिहार क्रिकेट एसोसिशन को दो सदस्यीय चयन समिति में एक अस्थायी चयनकर्ता को जोड़ना पड़ा। बीसीबी को जल्द पांच सदस्यीय चयन समिति गठित करने का निर्देश दिया गया है। सूर्यवंशी की यह नियुक्ति उनकी शानदार फॉर्म के कारण हुई है। उन्होंने हाल ही में भारत अंडर-19 टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर शीर्षक्रम में तेज शुरुआत दी। उन्होंने ब्रिसबेन में पहले चार दिवसीय मैच में 78 गेंदों में शतक जड़ा और तीन पारियों में 133 रन बनाए।

## आईओए ने पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए पदक जीतने वालों को सम्मानित किया

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने सोमवार को नई दिल्ली के ताज मान सिंह होटल में 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के भारत के लिए पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया। इस समारोह में आईओए अध्यक्ष डॉ. पी.टी. उषा, माननीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, स्पांसर और खेल जगत के सदस्य उपस्थित थे। इस समारोह में उन भारतीय एथलीटों का सम्मान किया गया जिन्होंने इन खेलों में अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन से देश को गौरव और प्रेरणा दी। भारत ने पेरिस 2024 में अपना अभियान छह पदकों (एक रजत और पांच कांस्य) के साथ समाप्त किया था। नीरज चोपड़ा ने पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में रजत पदक जीतकर टोक्यो ओलंपिक में अपने गौरव को और बढ़ाया। इससे विश्व मंच पर उनका दबदबा और भी मज़बूत हुआ। निशानेबाज मनु भाकर ने दो कांस्य पदक (एक महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में और दूसरा सरबजोत सिंह के साथ मिश्रित टीम वर्ग में) जीते। इसके अलावा स्वप्निल कुसाले ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोज़िशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया था जबकि युवा पहलवान अमन सहरावत ने पुरुषों की 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत के सबसे कम उम्र के ओलंपिक पदक विजेताओं में से एक बन गए। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने भी पोडियम पर वापसी की और तीसरे स्थान के मैच में स्पेन पर 2-1 से जीत के साथ अपने मजबूत अभियान के बाद कांस्य पदक जीता।

## चतुर्थ डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता



जयपुर, 13 अक्टूबर। मैत्री क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित आज से एन.बी. क्रिकेट ग्राउण्ड जगतपुरा में प्रारम्भ चतुर्थ डॉ.ए.पी.जे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज खेले गये उद्घाटन मुकाबले में एलिट स्पोर्टस एकेडमी ने मनीष शर्मा 60 रन नाबाद (25 गेंद, 4 चौके, 6 छक्के) तथा 18 रन पर 4 विकेट के ऑलराउण्ड प्रदर्शन तथा जसविंदर सिंह की घातक गेंदबाजी 19 रन पर 5 विकेट जिसमें हैट्रिक भी शामिल है की बदौलत मंगलम क्रिकेट एकेडमी को 7 विकेट से हराकर 2 अंक अर्जित किये। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये मंगलम क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये विशाल शर्मा 60 रन (54 गेंद, 7 चौके, 2 छक्के) की पारी के बावजूद जसविंदर सिंह 19 रन पर 5 विकेट तथा मनीष शर्मा 18 रन पर 4 विकेट की घातक गेंदबाजी के समक्ष 18.5 ओवर में मात्र 103 रन पर ही समेट दिया। जिसमें जसविंदर सिंह द्वारा ली गई हैट्रिक भी शामिल है। जवाबी पारी में एलिट स्पोर्टस एकेडमी ने मनीष शर्मा 60 रन नाबाद (25 गेंद, 4 चौके, 6 छक्के) की आतिशी पारी की बदौलत विजय लक्ष्य 104 रन 3 विकेट मात्र 9.5 ओवर में ही हासिल कर 7 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। इससे पूर्व आज आर.सी.ए. के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष जेडीसीए के पूर्व अध्यक्ष तथा मैत्री क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष डॉ. बी.आर. सोनी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। इस मैच का मैन ऑफ दी मैच मनीष शर्मा एलिट स्पोर्टस एकेडमी रहे।

### एआईएफएफ ने लिया बड़ा फैसला

## दो विवादित धाराओं को छोड़कर अपनाया सुप्रीम कोर्ट का संविधान




नई दिल्ली, 13 अक्टूबर। दो विवादास्पद अनुच्छेदों को छोड़ कर अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने सुप्रीम कोर्ट के संविधान को अपनाया है। दरअसल, 12 अक्टूबर को अपनी विशेष बैठक में सुप्रीम कोर्ट द्वारा मंजूर संविधान को अपनाया लेकिन उन दो विवादास्पद अनुच्छेदों को छोड़ दिया जो अदालत के निर्देश पर लंबित हैं। उच्चतम न्यायालय ने 19 सितंबर को न्यायधीश एल नागेश्वर राव द्वारा तैयार किए गए एआईएफएफ के संविधान के मसौदे को कुछ संशोधनों के साथ मंजूरी दे दी थी। उच्चतम न्यायालय ने तब महासंघ को इसे चार हफ्तों के भीतर अपनाने का निर्देश दिया था। हालांकि, संविधान के मसौदे के दो अनुच्छेद शीर्ष पदाधिकारियों के लिए सिरदर्द बन गए थे।

## एडहॉक कमेटी ने जोधपुर जिला क्रिकेट संघ की मान्यता को रद्द किया



जयपुर, 13 अक्टूबर। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन का सियासी घमासान लगातार बढ़ता जा रहा है। एडहॉक कमेटी के कन्वीनर दीनदयाल कुमावत ने धनंजय सिंह खींवसर की अध्यक्षता वाले जोधपुर जिला क्रिकेट संघ की मान्यता को रद्द कर दिया है। इसके साथ ही दीनदयाल कुमावत ने कमेटी के तीन और सदस्यों के खिलाफ लोकपाल में आरसीए के संविधान के खिलाफ काम करने को लेकर शिकायत की है। ऐसे में तीन और जिला क्रिकेट संघ पर अब जांच के साथ कार्रवाई की तलवार लटक गई है। इनमें प्रतापगढ़ के पिंकेश जैन, अलवर के मोहित यादव और सीकर के आशीष तिवाड़ी शामिल हैं। दीनदयाल कुमावत ने एडहॉक कमेटी के चार सदस्यों की बैठक को अवैध बताया और उसके फैसलों को बेबुनियाद बताते हुए प्रभावहीन (लागू नहीं होंगे) करार दिया। इसके बाद एक बार फिर राजस्थान में क्रिकेट की लड़ाई मैदान से बाहर आ गई है। दीनदयाल कुमावत ने कहा, राजस्थान खेल अधिनियम 2005 और आरसीए संविधान के अनुसार किसी भी बैठक को आहुत करने का अधिकार केवल संयोजक या अध्यक्ष के पास होता है। ऐसी किसी बैठक के लिए अति आवश्यक परिस्थितियों में भी लिखित आवेदन और कारण बताना अनिवार्य है। लेकिन इस मामले में ऐसा कोई आवेदन या सूचना नहीं दी गई। कुमावत ने आरोप लगाया कि यह बैठक उनकी जानकारी और सहमति के बिना, पीठ पीछे आयोजित की गई है, इसलिए इस तथाकथित बैठक में पारित सभी प्रस्ताव पूर्णतः शून्य, आधारहीन और प्रभावहीन हैं।

### सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं : धनंजय



सरकार द्वारा गठित एडहॉक समिति में मुझे सरकार के निर्देशानुसार सदस्य स्वरूप महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसका निर्वहन मैं आज भी पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता और ईमानदारी से कर रहा हूँ। मैं एवं मेरे साथ समिति के चार सदस्यगण, संयोजक दीनदयाल कुमावत द्वारा लिए गए गलत निर्णयों और भ्रष्टाचारपूर्ण कार्यप्रणाली के विरुद्ध पहले ही आपत्ति दर्ज करा चुके हैं, क्योंकि सत्य के पक्ष में खड़े रहना सदैव आवश्यक होता है। मैंने हमेशा सही व्यवस्था और पारदर्शी प्रक्रिया का समर्थन किया है और भविष्य में भी करता रहूँगा। आज शाम जो घटना हुई, उसमें राजनीतिक द्वेषता से प्रेरित होकर एडहॉक समिति के कन्वीनर दीनदयाल कुमावत द्वारा जोधपुर जिला क्रिकेट संघ की मान्यता रद्द करने की घोषणा की गई है, जो पूर्णतया असंवैधानिक है। मैं आपको सूचित करना चाहता हूँ कि एडहॉक समिति के पूर्ण बहुमत के बिना किसी भी जिला क्रिकेट संघ की मान्यता रद्द करने का अधिकार कन्वीनर के पास नहीं है। मैं पुनः स्पष्ट करना चाहता हूँ कि खेल नीति और आरसीए के संविधान के अनुसार जोधपुर जिला क्रिकेट संघ आज भी पूर्ण मान्यता प्राप्त एवं वैध है। इसकी मान्यता रद्द होने की खबर सिर्फ मेरी आवाज दबाने का एक प्रयास है और दीनदयाल कुमावत द्वारा लिखा गया पत्र और निर्णय पूर्णतया अवैध है। जहां भी क्रिकेट का अहित होगा, किसी भी निर्णय में अपारदर्शिता और भ्रष्टाचार होगा उसके खिलाफ मेरी आवाज सदैव मुखर रहेगी।

# बीसीसीआई वीनू मांकड़ अंडर-19 ट्रॉफी में राजस्थान ने उत्तर प्रदेश को 2 विकेट से हराया

### राजस्थान के जीत में हनी प्रताप सिंह, भव्य राज, हर्ष दगडी का शानदार प्रदर्शन, बीसीसीआई सीनियर वीमेन टी 20 ट्रॉफी (राजस्थान - महाराष्ट्र मैच)







जयपुर, 13 अक्टूबर। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार बीसीसीआईकी रांची में खेली जा रहे वीनू मांकड़ ट्रॉफी में राजस्थान ने हनी प्रताप सिंह, भव्य राज व हर्ष दगडी के शानदार प्रदर्शन की सहायता से उत्तर प्रदेश को 2 विकेट से हराया।

**वीनू मांकड़ अंडर 19 ट्रॉफी राजस्थान - असम मैच**


उत्तर प्रदेश पारी 238 आल आउट

टीम के लिए कार्तिकेय 48 व शांतनु 45 रन, राजस्थान के गेंदबाज हनी प्रताप सिंह 48 /5 व भव्य राज 35 /4 विकेट, राजस्थान पारी 239/8, टीम के लिए हर्ष दगडी 61, शिफॉन 36, जयवर्धन 31 रन, उत्तर प्रदेश के गेंदबाज आदित्य, आयन 2 -2 विकेट।

बीसीसीआई सीनियर वीमेन टी 20 ट्रॉफी राजस्थान - महाराष्ट्र मैच :- महाराष्ट्र पारी 144 /7, टीम के लिए ऐ पाटिल 52, ईश्वरी 45 रन, राजस्थान की गेंदबाज सोनल कलाल 20 /3 व सुमन मीणा 21 /2 विकेट, राजस्थान पारी 100 /7, टीम के लिए कौशल्या चौधरी नाबाद 40, सुमन मीणा 21 व डिंपल कँवर 16 रन, महाराष्ट्र की गेंदबाज दयांशवारी, ऐ पाटिल, एम् मगरी 2 -2 विकेट। राज्य स्तरीय अंडर 16 ट्रॉफी प्री क्वाटर फाइनल मैच :- जयपुर - अजमेर (जयपुर 8 विकेट से जीती), अजमेर पारी 151/9, जयपुर पारी 152 /2, जयपुर के गौरव सैनी 91 रन

राजसमंद - नागौर (राजमसंद 63 रन से जीती), राजसमंद पारी 259/9, नागौर पारी 191 आल आउट, श्रीगंगानगर - डूंगरपुर ( श्रीगंगानगर 164 रन से जीती), श्रीगंगानगर पारी 237 आल आउट ( हर्ष 59 रन), डूंगरपुर पारी 73 आल आउट, श्रीगंगानगर के गेंदबाज आदित्य बागड़ा 13 /4, हनुमानगढ़ - उदयपुर (हनुमानगढ़ 102 रन से जीती), हनुमानगढ़ पारी 269 आल आउट, आदित्य 111 रन, उदयपुर पारी 167 आल आउट, भीलवाड़ा - टोंक (टोंक 9 विकेट से जीती), भीलवाड़ा पारी 94 आल आउट, टोंक पारी 95/1, जैसलमेर - चूरू ( जैसलमेर 49 रन से जीती), जैसलमेर पारी 187 /8, चूरू पारी 138 आल आउट, बीकानेर - सीकर ( सीकर 4 विकेट से जीती ) स्वास्तिक चौधरी 46 /5, बीकानेर पारी 207 आल आउट, सीकर पारी 211 /6, भरतपुर - बाड़मेर ( बाड़मेर 1 विकेट से जीती ), भरतपुर पारी 175 आल आउट, बाड़मेर पारी 179 /8, स्वरुप 88 रन।

## पूर्व छात्रों ने पोलो, गोल्फ, क्रिकेट, फुटबॉल और पिकलबॉल प्रतियोगिता में लिया हिस्सा



जयपुर, 13 अक्टूबर। मेयो कॉलेज, अजमेर की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य समारोह की श्रृंखला के अंतर्गत, जयपुर चैप्टर द्वारा पूर्व छात्रों के लिए एक विशेष खेल उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पोलो, गोल्फ, क्रिकेट, फुटबॉल और पिकलबॉल जैसी विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने के लिए देशभर से पूर्व छात्र उत्साहपूर्वक जयपुर में एकत्र हुए। रामबाग गोल्फ क्लब में 30 से अधिक पूर्व छात्रों ने हिस्सा लिया। वेटरन कैटेगरी में विक्रम आदित्य सिंह विजेता रहे, जबकि नागेश शर्मा उपविजेता बने। वहीं, 0-9 कैटेगरी में रजत करवासरा विजेता रहे और वेदांत सिंह उपविजेता। इसी प्रकार, 10-18 कैटेगरी में सम्रिमजय सिंह विजेता रहे और एस.पी. सिंह उपविजेता। सिद्धार्थ जैन ने 262 यार्ड की लॉन्गेस्ट ड्राइव मारी, जस्मीत सोढ़ी ने 9 फीट पर क्लोज़ेस्ट टू द पिन जीता, और एस.पी. सिंह ने 10 फीट 4 इंच पर स्ट्रेटेस्ट ड्राइव अपने नाम की। बेस्ट गोल्फर ओवरऑल का सर्वोच्च सम्मान सिद्धार्थ शर्मा को 74 के स्कोर के साथ प्राप्त हुआ। जयपुरिया क्रिकेट अकादमी में मेयो एलुमनाई ईस्ट ने क्रिकेट ट्रॉफी जीती। उदय तोतुका, संजय जोशी, संयम अग्रवाल और वेदांग अग्रवाल (फाइनल) को उनके संबंधित खेलों में मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। राघवेंद्र हर्ष की निरंतर बेहतरीन बल्लेबाज़ी ने उन्हें बेस्ट बैट्समैन और मैन ऑफ द सीरीज़ दोनों का खिताब दिलाया, जबकि दुष्यंत राठौड़ बेस्ट बॉलर और सुदीप्तो बोस ने बेस्ट फील्डर का टाइटल जीता।

# ग्रामीण बैंक प्रबंधक के लिये 45 हजार रूपये की रिश्वत लेते दलाल गिरफ्तार

## आरोपी प्रबंधक राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा मेताली जिला डूंगरपुर को भी डिटेन किया

**डूंगरपुर, (निसं)।** एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, डूंगरपुर द्वारा सोमवार को कार्रवाई करते हुये आरोपी अभिमन्यु कुमार सिंह, प्रबंधक राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा मेताली जिला डूंगरपुर के लिए दलाल भूपेन्द्र कुमार परमार बैंक मित्र मुख्य शाखा राजस्थान ग्रामीण बैंक डूंगरपुर को परिवादी से 45 हजार रूपये रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एबसीबी चौकी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, डूंगरपुर को 7 अक्टूबर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी व उसके भाई एवं मां के नाम से राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा मेताली से कृषि भूमि के लिए किसान क्रेडिट कार्ड पर ऋण लेने के लिए अलग-अलग कुल 11 लाख रूपये के ऋण के लिए आवेदन किया था,



एसीबी की टीम ने दलाल को गिरफ्तार कर प्रबंधक को डिटेन किया। ( गोले में )

जो ऋण पास कराने के लिए परिवादी बैंक मैनेजर अभिमन्यु कुमार सिंह से मिला तो परिवादी के ऋण के 2 लाख रूपये दिये व 2 लाख रूपये बाकी रखे व कहा कि तुम्हारे परिवार वालों के मैने जो 11 लाख रूपये का ऋण पास किया है उसके लिए मैं पचास हजार रूपये लूंगा, जो 50 हजार रूपये लेने के लिए मेरे मिलने वाले व्यक्ति का आपके पास फोन आयेगा उसे दे देना। बैंक मैनेजर द्वारा परिवादी का ऋण स्वीकृत करने की एवज में 50 हजार रूपये कि रिश्वत की मांग की जा रही है। जिस पर एसीबी रेंज उदयपुर के प्रहलाद सिंह कृष्णिया, उप

- किसान क्रेडिट कार्ड पर ऋण के एवज में 50 हजार रिश्वत राशि मांगी थी

महानिरीक्षक पुलिस के सुपरविजन में एसीबी डूंगरपुर के रतनसिंह राजपुरोहित पुलिस उप अधीक्षक के निर्देशन में राजेन्द्रसिंह, पुलिस निरीक्षक मय टीम द्वारा ट्रेप कार्रवाई को अंजाम देते हुए आरोपी अभिमन्यु कुमार सिंह हाल प्रबंधक राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा मेताली जिला डूंगरपुर के लिए दलाल भूपेन्द्र कुमार हाल बैंक मित्र मुख्य को परिवादी से अपनी मांग अनुसार 45 हजार रूपये रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार कर रिश्वत राशि बरामद की गई व आरोपी अभिमन्यु कुमार सिंह, प्रबंधक राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा मेताली जिला डूंगरपुर को भी डिटेन कर लिया है। एसीबी द्वारा आरोपियों से पूछताछ तथा अग्रिम कार्रवाई जारी है।

# कार और ट्रक की टक्कर में दो जनों की मौत, तीन घायल

## एक कार चालक की ड्राइविंग सीट पर ही जिंदा जलने से मौत हो गई

- प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सभी यात्री लूणकरणसर क्षेत्र के निवासी थे और बाड़मेर की ओर जा रहे थे

**बीकानेर, (निसं)।** जिले में सोमवार को एक दिलदहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। नापासर थाना क्षेत्र के अंतर्गत भारतमाला रोड पर रायसर के पास एक अर्टिगा कार और ट्रक के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। मृतकों में से एक कार चालक की ड्राइविंग सीट पर ही जिंदा जलने से मौत हो गई, वहीं एक अन्य घायल ने बीकानेर के पीबीएम ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सभी यात्री लूणकरणसर क्षेत्र के निवासी थे और बाड़मेर की ओर जा रहे थे।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा सुबह के समय हुआ जब बाड़मेर से लूणकरणसर की ओर जा रही एक अर्टिगा कार तेज रफ्तार में भारतमाला रोड पर आगे चल रहे एक ट्रक से पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार में तत्काल आग लग गई। आग की चपेट में आने से कार चालक ड्राइविंग सीट पर ही जिंदा जल गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही नापासर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किए। पुलिस ने घायलों को तत्काल बीकानेर के पीबीएम ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया, जहां गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार, अर्टिगा कार में कुल छह लोग सवार थे, जिनमें तीन महिलाएं शामिल थीं। इनमें जमना, ज्योति और संतोष के नाम सामने आए हैं। संतोष की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि जमना और ज्योति सहित अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। एक अन्य घायल रामचंद्र और दिनेश भी गंभीर हालत है। कार चालक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है, क्योंकि वह हादसे में पूरी तरह जल गया।

**टोंक में विभिन्न प्रकरणों में दो आरोपी को गिरफ्तार :** थानाधिकारी मेहन्दवास के द्वारा गठित टीम ने नाकाबंदी के दौरान उस्मानपुरा कट सोनवा टोल प्लाजा के पास एनएच 52 पर एक संदिग्ध से पूछताछ के बाद डिटेन कर संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर एवं मादक पदार्थ में लिप्त पाये जाने जाने पर आरोपी महेन्द्र गुर्जर पुत्र रमेश चन्द गुर्जर निवासी हमीदपुरा थाना बरोनी को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान आरोपी की तलाशी लेने पर पेंट की जेब से 25 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक मिलने पर जब्त कर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जाकर अनुसंधान शुरू किया गया। वहीं मेहन्दवास पुलिस टीम ने अरनियानील से करीमपुरा जाने वाली रोड पर अवैध टोपीदार एकनाली बदूंक ले जाते पाये जाने पर आरोपी केसरा मोग्या पुत्र भूरा मोग्या को गिरफ्तार कर बंदूक जब्त की।

# अजमेर शहर कांग्रेस अध्यक्ष का निर्णय सचिन पायलट पर छोड़ा, प्रस्ताव पास

## अजमेर उत्तर एवं दक्षिण विधानसभा के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने बैठक में अजमेर से सांसद रहे सचिन पायलट में विश्वास जताया

- कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के केंद्रीय पर्यवेक्षक अशोक तंवर के सानिध्य में नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई

**अजमेर, (कासं)।** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के केंद्रीय पर्यवेक्षक अशोक तंवर के सानिध्य में अजमेर दक्षिण एवं उत्तर विधानसभा के सैकड़ों की संख्या में नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की बैठक जयपुर रोड स्थित एक वाटिका में आयोजित हुई। बैठक में मौजूद समस्त कांग्रेस जनों ने महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया, जिसमें एआईसीसी के राष्ट्रीय महासचिव और अजमेर लोकसभा से सांसद रह चुके सचिन पायलट अजमेर शहर कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए जो भी नाम प्रस्तावित करेंगे, वह हम सबके लिए सर्व मान्य होगा। जिस पर बैठक में मौजूद सैकड़ों की संख्या में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों ने हाथ खड़े कर एक सुर में पायलट के पक्ष में अपना विश्वास व्यक्त किया और सचिन पायलट जिंदाबाद के नारों से बैठक स्थल गूंजायमान हो गया। बैठक में तंवर का पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन, उत्तर विधानसभा प्रत्याशी महेंद्र सिंह रलावता, दक्षिण विधानसभा से पीसीसी सदस्य हेमंत भाटी ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

तंवर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि एआईसीसी का यह अभियान कांग्रेस संगठन को पुनर्गठित, सक्रिय और जनसरोकारों से जुड़ा बनाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। अजमेर जिले में इस अभियान से पार्टी को स्थानीय कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ाने और आंतरिक संवाद मजबूत करने की दिशा में बल मिलेगा। अभियान का मकसद जिला कांग्रेस कमेटियों से लेकर बूथ स्तर तक पार्टी को सक्रिय करना और संगठन को जवाबदेही के नए पैमाने पर खड़ा करना है।

# शिक्षक के घर हुई चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** कोतवाली थाना पुलिस ने डूंगरपुर शहर के शिवाजी नगर में एक शिक्षक के सूने घर में हुई चोरी की वारदात का सोमवार को खुलासा करते हुए पुलिस ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सूने घर से 2.20 लाख नगद और 2.50 लाख के जेवर चोरी कर ले गया था। पूछताछ में आरोपी ने चोरी एक और वारदात कबूली है।

कोतवाली थाने के थानाधिकारी शैलेन्द्रसिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में शिवाजी नगर भू-जल विभाग के पीछे निवासी उमेश त्रिवेदी सरकारी शिक्षक है। उनकी ड्यूटी डूंगरपुर एसडीएम ऑफिस में है। आठ अक्टूबर को उमेश ड्यूटी पर गए थे। पत्नी प्राइवेट स्कूल में पढ़ाने गई थी। वहीं, बच्चे भी स्कूल गए थे। उमेश दोपहर के समय जब घर आया तो घर के ताले टूटे हुए थे। चोर घर के अंदर अलमारी खोलकर उसमें से 2 लाख 20 हजार का कैश और 2 तोला के जेवर चुरा ले गए थे। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इस दौरान पूर्व में चालानशुदा एक आरोपी की गतिविधियां संदिग्ध लगी। जिस पर पुलिस ने भाटपुर निवासी लोकेश उर्फ चौधरी पुत्र देवीलाल डामोर को डिटेन कर पूछताछ शुरू की। पूछताछ में लोकेश ने उक्त वारदात को करना कबूल किया। जिस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। वहीं,पूछताछ में आरोपी के खिलाफ कई ओर मामले भी दर्ज हैं। खेडा गांव में भी चोरी की एक अन्य वारदात को भी कबूल किया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।


Government of Rajasthan
**Office of the DSO CHURU**
Email:-dsofood-chu-rj@nic.in Phone No.: 01562-250927
F()/PDS/Tender/2025-26/5978 Date:-07/10/2025

**NOTICE INVITING BID**

e-Bids for selection of Handling and Transportation of Food grains Under PDS from FCI Depots in District Churu were invited from interested bidders up to 27.10.2025Till 6.00PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://eproc.rajasthan.gov.in or http://sppp.rajasthan.gov.in of the state, The approximate value of the procurement is Rupees 3.9 Crore for One year.
NIB No. : CCH2526A 0010
UBN No. :- CCH 2526SL0B00017

ANSHU TIWARI
District Supply Officer
Churu

DIPR/C/14978/2025



OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, P.W.D., CIRCLE-JHALAWAR
Room No.158, Ground Floor (Public Works Department), Mini Secretariat, Jhalawar
E-mail: piu jhalawar@rediffmail.com/sejwar.pwd@rajasthan.gov.in, Phone No.: 07432-233336
S. No. :- 817 NIT No. 09/2025-26 Date: 03.10.2025

**Notice Inviting Bid**
NIB No. PWD202526A3668

Bids for "Construction of Non-patchable & Missing link Roads in Dist. Jhalawar in compliance with point number 17 of the Budget Announcement for the year 2025-26" are invited from interested bidders upto 6.00 PM, Dated 30.10.2025 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://erpoc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the Rajasthan http://pwd.rajasthan.gov.in website. The approximate value of the procurement is Rs. 180.18 Lacs. and
UBN No.-PWD2526WSOB13818

(Mukesh Chand Meena)
Superintending Engineer
Public Works Department
Circle-Jhalawar

DIPR/C/14903/2025



कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. खण्ड कोटडा, उदयपुर
क्रमांक-630 NIT No. 12/2025-26 दिनांक-03.10.2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for "Various Road's Construction, Renewal, Strengthening Works in various schemes in District Udaipur (Raj.) are invited from interested bidders upto 6.00 PM, Dated 20.10.2025 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://erpc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the Rajasthan and http://pwd.rajasthan.gov.in website. The approximate value of the procurement is Rs. 143.68 Lacs.
NIB:- PWD2526A3695
UBN No. 1:-PWD2526WSOB13909
UBN No. 2:-PWD2526WSOB13911

(Vijay Kumar Meena)
Executive Engineer
Public Works Department
Division Kotra Udaipur

DIPR/C/14879/2025


# सरकारी स्कूलों में अब कोचिंग जैसे रिवीजन मॉडल पर जोर रहेगा

- शिक्षा विभाग ने निर्देश जारी किए हैं कि सभी स्कूलों में 15 नवंबर तक पाठ्यक्रम पूरा कर लिया जाए
- पाठ्यक्रम पूरा होने पर दिसंबर में होने वाली अर्द्धवार्षिक परीक्षा से पहले रिवीजन कराया जा सके

**बीकानेर, (निसं)।** कोचिंग सेंटरों की तर्ज पर अब सरकारी स्कूलों में भी रिवीजन पर जोर रहेगा। शिक्षा विभाग ने निर्देश जारी किए हैं कि सभी स्कूलों में 15 नवंबर तक पूरा पाठ्यक्रम पूरा कर लिया जाए, ताकि दिसंबर में होने वाली अर्द्धवार्षिक परीक्षा से पहले रिवीजन कराया जा सके।

शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि नियमित अध्ययन और पुनरावृत्ति से विद्यार्थियों की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार होता है। रिवीजन केवल याद करने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि समझ को गहरा करने और ज्ञान को लंबे समय तक बनाए रखने का प्रभावी तरीका है। रिवीजन के दौरान विद्यार्थी अपनी कमजोरियों को पहचान सकते हैं और उनमें सुधार कर सकते हैं। इससे आत्मविश्वास बढ़ता है और परीक्षा के समय तनाव व घबराहट कम होती है। आदेश में कहा गया है कि जब विद्यार्थी किसी विषय की बार-बार पुनरावृत्ति करते हैं, तो वह जानकारी अल्पकालिक स्मृति से निकलकर दीर्घकालिक स्मृति में स्थायी रूप से दर्ज हो जाती है।

इससे परीक्षा के समय उत्तर तेजी और सटीकता से दिए जा सकते हैं। सभी शिक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे 15 नवंबर तक अपने-अपने विषयों का पाठ्यक्रम पूरा करें, ताकि इसके बाद केवल रिवीजन सत्र पर ध्यान केंद्रित किया जा सके। रिवीजन के दौरान कठिन विषयों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़े और कमजोर विषयों में भी वे बेहतर प्रदर्शन कर सके। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि गत शिक्षा सत्र में राज्य स्तरीय समान परीक्षा से संबंधित जो नीलपत्र और दिशा-निर्देश जारी किए गए थे, वे इस सत्र में भी यथावत रहेंगे। सभी विद्यालयों को इन निर्देशों के अनुरूप तैयारी करने और परीक्षा पूर्व रिवीजन की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है।

# सेवा शिविर में रिश्वत लेते राजस्व निरीक्षक गिरफ्तार

- पट्टा बनाने के नाम पर परिवादी से 12 हजार रुपए की रिश्वत ली

**राजगढ़, (निसं)।** पालिका प्रशासन की ओर से सेवा शिविर में पट्टा बनाने के नाम पर परिवादी से 12 हजार रुपए की रिश्वत लेते रामहेत बैरवा राजस्व निरीक्षक को एसीबी के एएसपी महेंद्र मीणा ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

प्रकरण के अनुसार परिवादी की और से कस्बे के रेबारपुरा राजगढ़ मे 242 वर्ग गज प्लाट का पट्टा बनाने के लिए 3 अक्टूबर को 75978 की राशि जमा कराई। इसके बाद भी पट्टा नहीं बनाने पर 9 अक्टूबर को परिवादी रामहेत बाबू से मिला, तो उसने पत्नी के नाम पट्टा जारी करने एवं भूमि का कन्वर्जन आदेश जारी करने के नाम पर 15 हजार की रिश्वत की मांग की। इस पर आरोपी की ओर से तीन हजार रुपए 10 अक्टूबर को रिश्वत माग़ कर वसूली की।



आरोपी रामहेत बैरवा राजस्व निरीक्षक।

शिकायत का सत्यापन होने के बाद आरोपी की ओर से पट्टे के नाम पर दस हजार रुपए एवं कन्वर्जन के नाम पर दो हजार रुपये सहित 12 हजार रिश्वत की मांग करना स्पष्ट पाया गया। इस पर ट्रेप की कार्रवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आरोपी रामहेत बैरवा राजस्व निरीक्षक भूमि शाखा नगर पालिका राजगढ़ की बाई जेब टी-शर्ट से परिवादी की ओर से दी गई रिश्वत की राशि बरामद की। एसिबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के निर्देश पर एसीबी चौकी अलवर प्रथम के राजेश सिंह महानिरीक्षक के सुपरविजन मैं कार्रवाई से शिविर में हड़कंप मच गया।


**नगर निगम जोधपुर-दक्षिण**
क्रमांकः- एफ.10 / 2025-26 / 5239 दिनांकः- 07.10.2025

:: अल्पकालीन ई-निविदा सूचना ::
(UBN NO. DLB2526WSOB20996)

नगर निगम जोधपुर-दक्षिण की ओर से विभिन्न सिविल कार्यो हेतु ऑनलाईन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित कार्यो की विस्तृत जानकारी, निविदा की शर्ते आदि http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in एवं https://lsg.rajasthan.gov.in/mcjs पर देखी जा सकती है।

महापौर
नगर निगम जोधपुर-दक्षिण
आयुक्त
नगर निगम जोधपुर-दक्षिण
राज.संवाद / सी / 25 / 12028



**बीकानेर नगर निगम**
नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org
क्रमांक / निर्माण / 2025-26 / 17092 दिनांक 08.10.2025

ई- निविदा-सूचना सं0 132/2025-26

नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "ऐऐ", "ऐ" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
निविदा की कुल लागत 14.43 लाख
UBN Number DLB2526WSOB21171

आयुक्त
नगर निगम, बीकानेर
राज.संवाद / सी / 25 / 12032


# ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

- युवक सुबह अपने घर बीछावाला से पालड़ी तिराहे की तरफ कोचिंग के लिए आ रहा था, रास्ते में हादसा हुआ

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर थाना क्षेत्र के पालड़ी तिराहे के पास ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।

मेड चौकी प्रभारी विनोद चेची ने दर्ज मामले के आधार पर बताया कि विकास गुर्जर (20) सुबह अपने घर बीछावाला से पालड़ी तिराहे की तरफ कोचिंग के लिए आ रहा था तभी साइड में आ रहे ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार विकास गुर्जर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना स्थल पर मौजूद विक्रम गुर्जर ने बताया कि बाइक सवार अपनी साइड से सही तरह से आ रहा था। साइड से ओवरलोड ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने लापरवाही से रोड पर चढ़ाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बाइक सवार युवक का बैग दूर जाकर खेतों में गिर गया और युवक ट्रैक्टर से थोड़ी दूर तक घसीटा हुआ चला गया और युवक की ट्रैक्टर के टायर नीचे आने से मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना जैसे ही युवक के परिजनों को मिली तो मेड सीएचसी में कोहराम मच गया। मृतक दो भाई दो बहनें हैं। ग्रामीण भैरूराम गुर्जर व योगेश जांगिड़ ने बताया कि मृतक विकास गुर्जर सबसे बड़ा था। मृतक विकास गुर्जर के परिवार की स्थिति बहुत ही दयनीय है। परिवार कच्चे घर में अपना जीवन-यापन करता है। पुलिस ने घटना के बाद मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया साथ मृतक के पिता की रिपोर्ट के आधार पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।



मृतक फाइल फोटो

## पिकअप की टक्कर से युवक की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** दोवड़ा थाना क्षेत्र के पुनाली के पास रविवार शाम बाइक सवार युवक की पिकअप से टक्कर लगने के बाद मौत हो गई। युवक पेट्रोल पंप की ओर बाइक से जा रहा था।

दोवड़ा थाना पुलिस के अनुसार, प्रहलाद सिंह पुत्र पदमसिंह शक्तावत ने रिपोर्ट में बताया गया कि उनके जीजा मदनसिंह पुत्र फतेहसिंह चौहान निवासी टेकला बाइक लेकर गांव जा रहे थे। पुनाली के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी पिकअप ड्राइवर मौके से फरार हो गया। हादसे में मदनसिंह के हाथ, पैर और सिर पर गंभीर चोटें आईं। उन्हें 108 एंबुलेंस से डूंगरपुर जिला अस्पताल लाया गया, जहां इमरजेंसी डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही दोवड़ा थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को मोर्चरी में रखवाया। सोमवार को पुलिस ने पिकअप ड्राइवर के खिलाफ तेज रफ्तार से वाहन चलाकर दुर्घटना कारित करने का मामला दर्ज किया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

## खेत में बने पॉण्ड में डूबने से युवक की मौत

**निवाई, (निसं)।** सोमवार की सुबह गांव जयसिंहपुरा के एक खेत में बने हुए फॉर्म पॉण्ड में डूबने से एक युवक की मौत हो गई।

थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि धर्मराज (20) पुत्र रामावतार रैगर निवासी जामडोली हाल सौरभ विहार कॉलोनी जयसिंहपुरा सोमवार को गांव जयसिंहपुरा में एक खेत पर बने फॉर्म पॉण्ड में नहाने गया था। नहाते समय वह डूब गया। जिसकी सूचना पर पुलिस मौके पर पंहुची और सिविल डिफेंस की टीम को बुलवाया। टीम द्वारा काफी मशकक्त के बाद देर शाम को युवक के शव को फार्म पॉण्ड में से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। उन्होंने बताया कि मृतक धर्मराज सोमवार को सुबह बकरियां चराने गया था, जो दोपहर बाद भी घर नहीं लौटा तो उसके परिजन उसको ढूंढते हुए खेतों की तरह पहुंचे। गांव जयसिंहपुरा में स्थित फार्म पॉंड के किनारे उसके कपड़े व मोबाइल मिले। इस पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि मृतक धर्मराज के दो छोटे भाई व तीन छोटी बहिनें हैं। धर्मराज सबसे बड़ा था। वह पढ़ाई के साथ मजदूरी का कार्य करता था। उन्होंने बताया कि मंगलवार की सुबह शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

# रेप मामले में कार्रवाई नहीं होने से महिला टंकी पर चढ़ी

- आरोप है कि पुलिस ने महिला की शिकायत पर कार्रवाई नहीं की

**भरतपुर, (निसं)।** रेप के मामले में कार्रवाई नहीं होने से नाराज एक महिला भरतपुर के मथुरा गेट थाना इलाके में पानी की टंकी पर चढ़ गई। करीब एक घंटे तक पुलिस ने महिला से समझाइश की, जिसके बाद महिला को टंकी से नीचे उतारा गया। उसके बाद पुलिस की टीम आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए थाने से रवाना हुई।

दो महीने से पुलिस महिला की कोई सुनवाई नहीं कर रही थी। 21 अगस्त को महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह मथुरा गेट थाना इलाके की रहने वाली है। रविंद्र मीणा नाम का व्यक्ति उससे दो साल रेप करता आ रहा है। उसके खिलाफ महिला ने मथुरा गेट थाने पर मुकदमा दर्ज करवाया था। समाज के लोगों द्वारा समझाने के बाद महिला ने मुक़दमे में राजीनामा कर लिया गया। उसके बाद भी रविंद्र महिला को परेशान कर रहा है। 21 अगस्त 2025 को रविंद्र ने महिला को फोन किया और कहा कि मुझे मिलना है। जब महिला ने रविंद्र से मिलने को मना कर दिया तो, रविंद्र ने महिला को जान से मारने की धमकी दी। उसी दिन जब महिला घर के जरूरी काम से बाजार जा रही थी तो, रविंद्र ने उसे रास्ते में रोका और महिला को एक होटल में ले गया। होटल की छत पर जाकर रविंद्र ने जबरन महिला को बियर पिलाई और कमरे में ले जाकर उसके साथ रेप करने की कोशिश करने लगा। उसके कुछ दिन बाद रविंद्र ने महिला को रोककर गालियां दी। उसके बाद महिला अपने घर आ गई। उसी रात रविंद्र महिला के घर पहुंचा और उससे गलियां देते हुए उसका अपहरण करने की कोशिश करने लगा। जब महिला के रविंद्र के घर उसकी शिकायत की तो, रविंद्र के परिजनों ने महिला से गालियां दी। महिला ने परेशान होकर इसकी शिकायत मथुरा गेट थाने पर दी लेकिन उस पर भी मथुरा गेट थाने ने कोई कार्रवाई नहीं की, पुलिस ने रविंद्र को शांतिभंग की धारा में बंद कर छोड़ दिया। उसके बाद भी रविंद्र महिला को परेशान करता रहा।जिससे तंग आकर आज महिला मथुरा गेट थाने के पास स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गई। महिला को टंकी पर चढ़ा देख मौके पर काफी लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना पर मथुरा गेट थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और समझाइश के बाद महिला को टंकी से नीचे उतारा। जिसके बाद तुरंत पुलिस की टीम आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए थाने से रवाना की गई।


**भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर**
क्रमांक :- लेखा/भ.वि.प्रा./2025-26/14138 दिनांक :- 09/10/2025

ऑनलाईन निविदा सूचना सं. 20/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भरतपुर विकास प्राधिकरण, में उपयुक्त श्रेणी एवं विभिन्न विभागों में E1/EWSD-1 श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया से कुल 03 कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

उक्त कार्यो का विस्तृत विवरण, निविदा शर्ते, अनुमानित लागत राशि, निविदा बेचने, प्राप्त करने एवं खोलने की दिनांक आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, www.urban.rajasthan.gov.in/uitbharatpur एवं http://sppp.raj.nic.in portal पर देखा जा सकता है।

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in portal का अवलोकन करें।

UBN विवरण :- WAQ2526WSOB00241, WAQ2526WLOB00242, 00243

राज.संवाद/सी/25/12009
अधिशाषी अभियन्ता (विद्युत)



**कार्यालय नगरपरिषद, राजसमन्द**
जिला परिषद रोड, राजनगर
टेलिफोन नं. 02952-220034, फेक्स नं. 02952-221233, ई-मेल rajsamandnagarpalika@gmail.com
क्रमांक : एफ( )नपरा / इंजी / ई निविदा / 20 / 2025-26 / 5515 दिनांक :- 09.10.2025

ई-निविदा सूचना संख्या 20/2025-26

नगर परिषद राजसमन्द द्वारा विकास कार्यो हेतु समस्त विभागों में पंजीकृत संवेदकों, कम्पनी, संगठनों / संस्थानों से ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन तकनीकी व वित्तिय निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड़ की जा सकती है।

| निविदा कार्यक्रम | तिथि व समय |
|---|---|
| कार्य की संख्या | 6 |
| कार्यो की अनुमानित लागत | 125.10 लाख |
| निविदा अपलोड की तिथि | 09.10.2025 06:00 PM |
| निविदा डाउनलोड प्रारम्भ तिथि | 10.10.2025 09:00 PM |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि | 20.10.2025 06:00 PM |
| भौतिक रूप से दस्तावेज जमा करने की तिथि | 21.10.2025 01:00 PM |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | 21.10.2025 04:00 PM |
| ऑनलाईन निविदा हेतु वेबसाईट | http://eproc.rajasthan.gov.in |
| दोष निवारण अवधी | नियमानुसार |
| UBN NO- | DLB2526WSOB21094, 21095, 21096, 21097, 21098 & 21099 |

राज.संवाद / सी / 25 / 11984 सभापति आयुक्त

# 'इतने कम समय में 7 लाख करोड़ रूपए के एमओयू ज़मीन पर उतरे, बहुत बड़ी उपलब्धि है'

## गृह मंत्री अमित शाह ने 4 लाख करोड़ रूपए के एमओयू का भूमि पूजन किया व कानून प्रदर्शनी का उद्घाटन किया


*केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में नए आपराधिक कानूनों पर आधारित भव्य प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।*

- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राइज़िंग राजस्थान ग्लोबल समिट के अंतर्गत बेहतरीन कार्य के लिए मुख्यमंत्री व उनकी टीम की प्रशंसा की।
- मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि नये कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पुलिस विभाग, न्यायिक अधिकारियों व प्रशासनिक तंत्र को व्यापक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

जयपुर, 13 अक्टूबर। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि लोकप्रिय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने प्रदेश के विकास को गति देने के लिए राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के अन्तर्गत बेहतरीन काम किया है। समिट में 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हस्ताक्षरित हुए, जिनमें से तीन लाख करोड़ के एमओयू का कार्य पूर्व में धरातल पर शुरू हो चुका है। वहीं, आज लगभग चार लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू से जुड़ी योजनाओं का भूमि पूजन हुआ है। शाह ने कहा कि हम जो कहते हैं, वो करते हैं। मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में इतने कम समय में 7 लाख करोड़ रुपये के एमओयू जमीन पर उतरे हैं। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को जे ई सी सी सीतापुरा में नए आपराधिक कानूनों पर आधारित भव्य प्रदर्शनी 'नव विधान : न्याय की नई पहचान' का उद्घाटन किया। उन्होंने प्रदर्शनी का गहनता से अवलोकन किया तथा पूरी प्रक्रिया का लाइव डैमो देखा।

अमित शाह ने सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एवं कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में 9 हजार 300 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया।

उन्होंने प्रदेश के लगभग 40 लाख विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म के लिए 240 करोड़ रुपये एवं दुग्ध उत्पादकों को दूध सब्सिडी के 364 करोड़ रुपये की राशि का हस्तान्तरण किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इन नए कानूनों को प्रभावी रूप से लागू करने के क्रम में, पुलिस विभाग, न्यायिक अधिकारियों और प्रशासनिक तंत्र को इन नए कानूनों का व्यापक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि, ये तीन नए कानून स्वतंत्र भारत के इतिहास में क्रांतिकारी कदम हैं। पीड़ितों के अधिकारों को इन कानूनों में प्राथमिकता दी गई है, जिससे पीड़ितों को त्वरित न्याय और सम्मान मिल सकेगा। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए भी इन कानूनों में विशेष प्रावधान किए गए हैं।

उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा ने कहा कि राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा इन नए आपराधिक कानूनों के अन्तर्गत नियम और अधिसूचना जारी करके इनका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। ये नए कानून केवल दण्ड देने के लिए नहीं, बल्कि समाज को राह दिखाने का माध्यम बनेंगे।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा, विधि मंत्री जोगाराम पटेल, सांसद मदन राठौड़, केन्द्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन, मुख्य सचिव सुधांश पंत, एनसीआरबी निदेशक आलोक रंजन आदि उपस्थित थे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बड़ी संख्या में पुलिस कार्मिक भी उद्घाटन कार्यक्रम से जुड़े।

## तेजस्वी यादव ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

पिछले चुनाव में कांग्रेस ने 70 सीटों पर चुनाव लड़ा था, लेकिन केवल 17 सीटें जीत पाई थी। इस खराब प्रदर्शन के कारण ही, महागठबंधन सरकार नहीं बना सका था।

सूत्रों का कहना है कि अदालत द्वारा लालू यादव और उनके परिवार के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिये जाने के बाद, कांग्रेस, खासतौर से राहुल गांधी और गांधी परिवार, यादव परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़े हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि भाजपा चुनाव प्रचार के दौरान इस मुद्दे का इस्तेमाल तेजस्वी यादव पर हमला करने के लिए करेगी।

अब सीट बंटवारे की औपचारिक घोषणा और तेजस्वी यादव को इंडिया गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के चेहरे के रूप में नामित करने का ऐलान पटना में किया जाएगा, क्योंकि तेजस्वी आज देर शाम वापस बिहार रवाना हो गए हैं।

## करुर ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

को रैली के दौरान भगदड़ हुई थी। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में 41 लोगों की मृत्यु और 100 से अधिक लोगों की जान चली गई थी।

शीर्ष अदालत ने टीवीके और पनीरसेल्वम पिचाईमुथु, एस प्रभाकरन, सेल्वराज पी, जी एस मणि तथा अन्य की याचिकाओं पर अपना यह आदेश पारित किया। याचिकाओं में सीबीआई जांच की मांग की गई थी।

## हमास ने बीस ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

में कम से कम बीस देश भाग ले रहे हैं।

कैदियों की अदला-बदली देखने और इज़रायली संसद को संबोधित करने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप मिस्र के इस तटीय शहर पहुंचे, जहाँ वे क्षेत्र में स्थायी शांति लाने के लिए आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। इस सम्मेलन में बीस से अधिक देश भाग ले रहे हैं। यह प्रक्रिया निश्चित रूप से लंबी होगी और हर मुद्दे पर सहमति बनाना एक कठिन और समय लेने वाला काम साबित होगा।

## तीन विद्वानों को ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

था। यह परिवार बहुत मुश्किलों से नाज़ी नरसंहार में बच गया था।

फिलिप अघियन एक फ्रांसीसी अर्थशास्त्री हैं जो लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स और पेरिस स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में अध्यापन करते रहे हैं।

पीटर होविट कनाडाई अर्थशास्त्री हैं, जो नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र में पीएचडी प्राप्त करने के बाद विभिन्न विश्वविद्यालय में शिक्षण कार्य कर रहे हैं।

## अमेरिका व चीन में ट्रेड वॉर ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

चीन के कब्ज़े में थे, अपनी जगह बना सकता है। भारत के कई उद्योग अभी से इस अवसर को समझ रहे हैं। वस्त्र और परिधान क्षेत्र, जो देश के सबसे बड़े रोज़गार देने वाले क्षेत्रों में से एक है, को अमेरिकी ऑर्डरों में तेज़ वृद्धि देखने को मिल सकती है, खासकर उन श्रेणियों में, जहाँ अब तक चीन का दबदबा था।

खिलौने और जूते-चप्पल बनाने वाले उद्योगों को भी फायदा होने की उम्मीद है, क्योंकि सस्ते माल की श्रेणी में चीन की बढ़त अब कमज़ोर होती दिख रही है। भारतीय निर्यातक मनु गुप्ता ने बताया कि "टारगैट" जैसे प्रमुख अमेरिकी खुदरा विक्रेता पहले से ही नई उत्पाद शृंखलाओं के लिए भारतीय आपूर्तिकर्ताओं से संपर्क कर चुके हैं। इसी तरह, इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू उपकरण, जैसे वॉशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर और छोटे घरेलू सामान बनाने वाले उद्योगों को भी नए ऑर्डर मिलने की संभावना है, क्योंकि अमेरिकी इम्पोर्टर अब चीनी फ़ैक्ट्रियों के विकल्प तलाश रहे हैं। अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में भी, जैसे-जैसे चीन दुर्लभ धातुओं और संबंधित तकनीकों के निर्यात को सीमित कर रहा है, भारतीय सौर पैनल और पवन टरबाइन पुर्ज़े बनाने वाली कंपनियाँ भी अपनी जगह मज़बूत कर सकती हैं।

उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि भारत के लिए अब सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि वह गुणवत्ता, स्थिरता और समय पर आपूर्ति के मानकों से कोई समझौता न करे। अगर भारतीय निर्माता अंतरराष्ट्रीय स्तर की विश्वसनीयता साबित कर पाए, तो वे मौजूदा टैरिफ अशांति से कहीं आगे तक इन लाभों को सुरक्षित रख सकते हैं।

जहाँ, भारत एक विजेता के रुप में उभर सकता है, वहीं, अन्य अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान उठाना पड़ सकता है। यह व्यापार युद्ध मेक्सिको, कैनडा, जापान, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर जैसी अर्थव्यवस्थाओं की आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित कर सकता है, क्योंकि ये देश चीनी मध्यवर्ती वस्तुओं (इन्टरमीडियरी गुड्स) पर बहुत अधिक निर्भर हैं। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जी.टी.आर.आई.) की एक रिपोर्ट ने चेतावनी दी है कि इलेक्ट्रिक वाहन पुर्ज़ों, विंड टरबाइन और सेमीकंडक्टरों की वैश्विक कीमतें तेज़ी से बढ़ सकती हैं, जिससे दुनिया भर में मँहगाई का दबाव और बढ़ जाएगा। भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार वर्ष 2024-25 में 131.84 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया, जिससे अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया है और भारत के कुल निर्यात का लगभग पाँचवाँ हिस्सा अमेरिका को जाता है। मौजूदा टैरिफ वॉर ने इन संबंधों को और मज़बूत करने का अवसर दिया है। दोनों देश जब एक नए द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में काम कर रहे हैं, तो अमेरिकी आपूर्ति शृंखला में भारत के शामिल होने की प्रक्रिया और तेज़ हो सकती है, खासकर तब, जब अमेरिकी कंपनियाँ चीन के विकल्प के रुप में राजनीतिक रूप से स्थिर और कम लागत वाले विकल्पों की तलाश में हैं।

अगर भारत इस मौक़े का पूरा लाभ उठाते हुए निर्यात प्रक्रिया को सरल बनाए, बंदरगाहों का ढाँचा सुधारे और निर्यातकों को त्वरित ऋण उपलब्ध कराए, तो अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध भारत के लिए एक बड़ा व्यापारिक वरदान साबित हो सकता है, जो उसके निर्यात क्षेत्र को नया रूप देगा और उसे विश्वसनीय वैश्विक मैनुफैक्चरिंग पार्टनर के रूप में स्थापित करेगा।

## अब एनडीए ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

संभावना है और इसके सदस्य भाजपा या अन्य दलों में शामिल हो जाएंगे। हालांकि, पिछले दो दशकों की सत्ता विरोधी लहर (एंटी-इन्कंबेंसी) के बावजूद, नीतीश कुमार की महिला मतदाताओं और अति पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) में अब भी मजबूत पकड़ है। बड़ी सम्भावना इस बात की भी है कि यदि यह धारणा मजबूत होती है कि कुमार अब मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे, तो इन वर्गों का एनडीए से मोहभंग हो सकता है। बिहार की राजनीति के अनुभवी एवं चतुर खिलाड़ी नीतीश कुमार ने कई बार विपरीत परिस्थितियों से वापसी की है, इसलिए यह कहना मुश्किल है कि आगे चलकर वे कौन-सा ट्रम्प कार्ड खेलेंगे।

## सीट शेयरिंग की ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

चुनाव आयोग ने बिहार की 243 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में मतदान की घोषणा की है जो 6 और 11 नवंबर को होगा। पहले चरण के नामांकन 6 अक्टूबर से और दूसरे चरण के 13 अक्टूबर से शुरू हुए। लेकिन प्रचार शुरू होने से पहले ही एनडीए को खुले विद्रोह से जूझना पड़ रहा है।

एक नाटकीय घटनाक्रम में, जेडीयू के वरिष्ठ मंत्री जय कुमार सिंह ने अपनी ही पार्टी के नेतृत्व पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और मंत्री ललन कुमार सिंह पर टिकट बेचने और वफादार कार्यकर्ताओं की उम्मीदों को नष्ट करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, पार्टी की आत्मा को निजी लाभ के लिए नीलाम किया जा रहा है। नेतृत्व ने गठबंधन गणित के नाम पर अपने कैडर से विश्वासघात किया है।

इधर, भाजपा में भी असंतोष की लहर उठी। केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने खुले मंच से केन्द्रीय शिक्षा मंत्री और बिहार प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान की आलोचना की, उन पर उम्मीदवार चयन में भारी अव्यवस्था का आरोप लगाया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, कई मौजूदा विधायक और पूर्व सांसदों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी शिकायतें नहीं सुनी गई तो वे निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरेंगे।

आंतरिक संकट ने एनडीए के राज्य और केन्द्रीय नेतृत्व, दोनों को हिला कर रख दिया है। महागठबंधन की बढ़ती गति का मुकाबला करने की उम्मीद कर रहे एनडीए को अब विद्रोह रोकने, नाराज सहयोगियों को मनाने और जन छवि सुधारने जैसी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि यह बगावत एनडीए के भीतर चुनावी संभावनाओं को लेकर गहरी बेचैनी को दर्शाती है। एक वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक ने कहा, गठबंधन में घबराहट के संकेत साफ दिखाई दे रहे हैं। आंतरिक दरारों ने इसकी कमजोरी उजागर कर दी है।

मतदान में अब एक महीने से भी कम समय बचा है और एनडीए के लिए सबसे बड़ी चुनौती विपक्ष से नहीं, बल्कि अपने ही घर के भीतर से उभर रही है।




राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600